# IDBI Bank Donated Ambulance to IIIT Ranchi Health Centre under CSR Initiative

## आइडीबीआइ बैंक ने ट्रिपल आइटी रांची को प्रदान किया एंबुलेंस




**रांची.** भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, रांची को आइडीबीआइ बैंक द्वारा एंबुलेंस मुहैया कराया गया. औपचारिक हस्तांतरण समारोह खेलगांव हाउसिंग कॉम्प्लेक्स, रांची में आयोजित किया गया. यह पहल बैंक की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों के अंतर्गत स्वास्थ्य संरचना को सुदृढ़ करने व संस्थागत कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गयी. इस अवसर पर ट्रिपल आइटी रांची के निदेशक प्रो राजीव श्रीवास्तव, जनरल मैनेजर ऋषि गुप्ता, डीजीएम अंशुमान हलदार, रीजनल कॉर्डिनेटर अनुज सहाय, सुधांशु कुमार, आरएम कुमार प्रभात, संस्थान के रजिस्ट्रार एमएस चंपिया, संकाय सदस्य, सहायक कुलसचिव रुपेश वर्मा आदि उपस्थित रहे.

**Prabhat Khabar: 12 March, 2026**

# भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान राँची
# Indian Institute of Information Technology Ranchi
(An Institute of National Importance under MoE, Govt. of India)
**Ranchi, Jharkhand, India**

**IDBI Bank Donated Ambulance to IIIT Ranchi Health Centre under CSR Initiative**

दैनिक भास्कर रांची 12-03-2026

## आईडीबीआई बैंक ने स्वास्थ्य केंद्र को सीएसआर के तहत एंबुलेंस दिए



सिटी रिपोर्टर • भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान रांची को आईडीबीआई बैंक द्वारा एक पूर्ण रूप से सुसज्जित एंबुलेंस प्रदान किया गया। कार्यक्रम को खेलगांव हाउसिंग कॉम्प्लेक्स, में किया गया। यह पहल सीएसआर गतिविधियों के तहत स्वास्थ्य संरचना को सुदृढ़ करने के लिए हुई। उद्घाटन में निदेशक, प्रो राजीव श्रीवास्तव ने आईडीबीआई बैंक के सहयोग के लिए आभार जताया।

**Dainik Bhaskar: 12 March, 2026**

भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान राँची

**Indian Institute of Information Technology Ranchi**

(An Institute of National Importance under MoE, Govt. of India)

**Ranchi, Jharkhand, India**

## IDBI Bank Donated Ambulance to IIIT Ranchi Health Centre under CSR Initiative

# आईडीबीआई बैंक ने ट्रिपल आइटी रांची को सौंपा सुसज्जित एम्बुलेंस




**रांची**: जब अचानक कोई मेडिकल इमरजेंसी हो, तो हर मिनट कीमती होता है। ऐसे में सबसे पहले जरूरत होती है एक एम्बुलेंस की, जो तुरंत मरीज को अस्पताल तक पहुंचा दे। इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए आइडीबीआइ बैंक ने ट्रिपल आइटी रांची के स्वास्थ्य केंद्र को एक पूरी तरह से सुसज्जित एम्बुलेंस सौंपा। यह एम्बुलेंस अब संस्थान में मौजूद हर छात्र, शिक्षक और कर्मचारी की सुरक्षा की नई गारंटी बन गई है। बुधवार 11 मार्च को दोपहर खेलगांव हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में आयोजित समारोह में जैसे ही एम्बुलेंस का रिबन काटा गया, वहां मौजूद सभी लोगों की आंखों में उम्मीद की झिलमिलाहट देखी जा सकती थी। निदेशक प्रो. राजीव श्रीवास्तव ने इसे केवल वाहन नहीं बल्कि एक जीवन रक्षक साथी बताया। उन्होंने कहा कि कभी भी किसी छात्र या कर्मचारी को आकस्मिक स्वास्थ्य संकट का सामना करना पड़े, यह एम्बुलेंस त्वरित मदद पहुंचाने के लिए हमेशा तैयार रहेगी। छात्र सीमा सिन्हा बताती हैं, कभी-कभी देर रात या प्रोजेक्ट में व्यस्त समय में मेडिकल इमरजेंसी आ सकती है।

**Ek Sandesh: 12 March, 2026**

**भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान राँची**

**Indian Institute of Information Technology Ranchi**

(An Institute of National Importance under MoE, Govt. of India)

**Ranchi, Jharkhand, India**

## IDBI Bank Donated Ambulance to IIIT Ranchi Health Centre under CSR Initiative

**सोना न्यूज**

आपके [illegible] की खबर



12-03-2026,राँची,रामगढ़,जमशेदपुर

आज की खबर आज (डिजिटल)

# आईडीबीआई बैंक द्वारा IIIT रांची स्वास्थ्य केंद्र को CSR पहल के तहत एम्बुलेंस प्रदान

**सोना न्यूज, राँची (संवाददाता)**



भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान रांची को आईडीबीआई बैंक द्वारा एक पूर्ण रूप से सुसज्जित एम्बुलेंस औपचारिक हस्तांतरण समारोह के दौरान प्रदान की गई। यह कार्यक्रम 11 मार्च 2026 को दोपहर 12:00 बजे खेलगांव हाउसिंग कॉम्प्लेक्स, रांची में आयोजित किया गया। यह पहल बैंक की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) गतिविधियों के अंतर्गत स्वास्थ्य अवसंरचना को सुदृढ़ करने और संस्थागत कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई। इस अवसर पर IIIT रांची के निदेशक, प्रो. राजीव श्रीवास्तव, के साथ आईडीबीआई बैंक के वरिष्ठ अधिकारी, जिनमें जनरल मैनेजर एवं मैनेजर ऋषि गुप्ता, डीजीएम (शाखा प्रमुख)- अंशुमान हलदार, क्षेत्रीय समन्वयक - अनुज सहाय, सुधांशु कुमार, आरएम – कुमार प्रभात , संस्थान के रजिस्ट्रार एम.एस. चंपिया, संकाय सदस्य, सहायक कुलसचिव रुपेश वर्मा, सह-डीन (छात्र कल्याण) डॉ. जितेन्द्र मिश्रा, मुख्य छात्रावास अधीक्षक डॉ. प्रियब्रत गारनायक प्रशासनिक अधिकारी तथा छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत संक्षिप्त सम्मान समारोह से हुई, जिसके बाद एम्बुलेंस का औपचारिक रिबन कटिंग किया गया तथा प्रतीकात्मक रूप से एम्बुलेंस की चाबी निदेशक को सौंप दी गई।इसके पश्चात वाहन की पारंपरिक पूजा भी की गई, जिससे इसकी सेवाओं का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन उपरांत माननीय निदेशक प्रो. राजीव श्रीवास्तव ने आईडीबीआई बैंक का इस उदार सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया तथा शैक्षणिक संस्थानों में सुदृढ़ स्वास्थ्य सुविधाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समर्पित एम्बुलेंस की उपलब्धता से आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित चिकित्सा सहायता सुनिश्चित होगी और छात्रों, शिक्षकों तथा कर्मचारियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को और अधिक मजबूती मिलेगी । ऋषि गुप्ता ने कहा कि आईडीबीआई बैंक समाज कल्याण के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है तथा शिक्षा संस्थानों को सहयोग देने के लिए सार्थक पहल करता रहता है। उन्होंने कहा कि IIIT रांची के स्वास्थ्य ढांचे को सुदृढ़ करने में सहयोग देना बैंक के लिए गर्व की बात है। अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित यह एम्बुलेंस संस्थान को आवश्यकता पड़ने पर त्वरित एवं विश्वसनीय चिकित्सा परिवहन सुविधा प्रदान करने में सहायक होगी।IIIT रांची के रजिस्ट्रार एम.एस. चंपिया ने भी कहा कि इस एम्बुलेंस के जुड़ने से संस्थान के स्वास्थ्य केंद्र की क्षमता और आपातकालीन तैयारियों को और सुदृढ़ता मिलेगी, जिससे पूरे परिसर के समग्र कल्याण में सकारात्मक योगदान होगा। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. गौरव सुंदरम द्वारा प्रस्तुत किया गया।

**Sona News: 12 March, 2026**

# भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान राँची

## Indian Institute of Information Technology Ranchi

(An Institute of National Importance under MoE, Govt. of India)

**Ranchi, Jharkhand, India**

## IDBI Bank Donated Ambulance to IIIT Ranchi Health Centre under CSR Initiative




Jharkhand Updates
12 Mar 2026, 20:05
Jharkhand

### आईडीबीआई बैंक द्वारा IIIT रांची स्वास्थ्य केंद्र को CSR पहल के तहत एम्बुलेंस प्रदान

भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान रांची को आईडीबीआई बैंक द्वारा एक पूर्ण रूप से सुसज्जित एम्बुलेंस औपचारिक हस्तांतरण समारोह के दौरान प्रदान की गई। यह कार्यक्रम 11 मार्च 2026 को दोपहर 12:00 बजे खेलगांव हाउसिंग कॉम्प्लेक्स, रांची में आयोजित किया गया। यह पहल बैंक की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) गतिविधियों के अंतर्गत स्वास्थ्य अवसंरचना को सुदृढ़ करने और संस्थागत कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई। इस अवसर पर IIIT रांची के निदेशक प्रो. राजीव श्रीवास्तव के साथ आईडीबीआई बैंक के वरिष्ठ अधिकारी जिनमें जनरल मैनेजर एवं मैनेजर श्री ऋषि गुप्ता, डीजीएम (शाखा प्रमुख)- श्री अंग्शुमान हलदार, क्षेत्रीय समन्वयक - श्री अनुज सहाय, श्री सुधांशु कुमार, आरएम – श्री कुमार प्रभात, संस्थान के रजिस्ट्रार श्री एम.एस. चंपिया, संकाय सदस्य, सहायक कुलसचिव श्री रुपेश वर्मा, सह-डीन (छात्र कल्याण) डॉ. जितेन्द्र मिश्रा, मुख्य छात्रावास अधीक्षक डॉ. प्रियब्रत गारनायक, प्रशासनिक अधिकारी तथा छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत संक्षिप्त सम्मान समारोह से हुई, जिसके बाद एम्बुलेंस का औपचारिक रिबन कटिंग किया गया तथा प्रतीकात्मक रूप से एम्बुलेंस की चाबी निदेशक को सौंप दी गई। इसके पश्चात वाहन की पारंपरिक पूजा भी की गई, जिससे इसकी सेवाओं का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन उपरांत माननीय निदेशक प्रो. राजीव श्रीवास्तव ने आईडीबीआई बैंक का इस उदार सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया तथा शैक्षणिक संस्थानों में सुदृढ़ स्वास्थ्य सुविधाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समर्पित एम्बुलेंस की उपलब्धता से आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित चिकित्सा सहायता सुनिश्चित होगी और छात्रों. शिक्षकों तथा कर्मचारियों को समय पर उपचार उपलब्ध कराया जा सकेगा।

**Jharkhand Updates: 12 March, 2026**

## IDBI Bank Donated Ambulance to IIIT Ranchi Health Centre under CSR Initiative

# आईडीबीआई बैंक द्वारा IIIT रांची स्वास्थ्य केंद्र को सीएसआर पहल के तहत एम्बुलेंस प्रदान

**भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान रांची**

**दैनिक अलग पहचान, डेस्क संवाददाता, रांची/**

रांची। आईडीबीआई बैंक द्वारा एक पूर्ण रूप से सुसज्जित एम्बुलेंस औपचारिक हस्तांतरण समारोह के दौरान प्रदान की गई। यह कार्यक्रम 11 मार्च 2026 को दोपहर 12:00 बजे खेलगांव हाउसिंग कॉम्प्लेक्स, रांची में आयोजित किया गया। यह पहल बैंक की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) गतिविधियों के अंतर्गत स्वास्थ्य अवसंरचना को सुदृढ़ करने और संस्थागत कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई। इस अवसर पर IIIT रांची के निदेशक, प्रो. राजीव



श्रीवास्तव, के साथ आईडीबीआई बैंक के वरिष्ठ अधिकारी, जिनमें जनरल मैनेजर एवं मैनेजर ऋषि गुप्ता*, डीजीएम (शाखा प्रमुख)- * अंग्शुमान हलदार*, क्षेत्रीय समन्वयक - * अनुज सहाय, सुधांशु कुमार,* आरएम - कुमार प्रभात* , संस्थान के रजिस्ट्रार * एम.एस. चंपिया,* संकाय सदस्य, सहायक कुलसचिव * रुपेश वर्मा,* सह-डीन (छात्र कल्याण) डॉ. जितेन्द्र मिश्रा, मुख्य छात्रावास अधीक्षक डॉ. प्रियब्रत गारनायक प्रशासनिक अधिकारी तथा छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत संक्षिप्त सम्मान समारोह से हुई, जिसके बाद एम्बुलेंस का औपचारिक रिबन कटिंग किया गया तथा प्रतीकात्मक रूप से एम्बुलेंस की चाबी निदेशक को सौंप दी गई। इसके पश्चात वाहन की पारंपरिक पूजा भी की गई, जिससे इसकी सेवाओं का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन उपरांत माननीय निदेशक, प्रो. राजीव श्रीवास्तव ने आईडीबीआई बैंक का इस उदार सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया तथा शैक्षणिक संस्थानों में सुदृढ़ स्वास्थ्य सुविधाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समर्पित एम्बुलेंस की उपलब्धता से आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित चिकित्सा सहायता सुनिश्चित होगी और छात्रों, शिक्षकों तथा कर्मचारियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को और अधिक मजबूती मिलेगी।

**Dainik Alag Pahchan: 13 March, 2026**

## Digital Links:

**Prabhat Khabar:** https://www.prabhatkhabar.com/education/iiit-ranchi-new-ambulance-by-idbi-bank-csr

**Lagatar News:** https://lagatar.in/idbi-bank-donates-ambulance-to-iiit-ranchi-strengthens-emergency-preparedness

**News Samwad:** https://newssamvad.com/jharkhand-hindi-news/idbi-bank-gives-new-hope-for-the-safety-of-iiit-ranchi-students-and-staff-learn-how-114997.html

**Hindustan:** https://www.livehindustan.com/jharkhand/ranchi/story-idbi-bank-donates-fully-equipped-ambulance-to-iiit-ranchi-for-enhanced-healthcare-201773234737843.html

**Jharkhand Updates:** https://jharkhandupdates.com/statenews/details/920